# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 04 / 25–34 ,राँची / दिनांक: 03/ 07 / 2025

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2025 के परीक्षाफल (Result) प्रकाशन एवं परीक्षाफल आधारित प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम) चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित सूचना**

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांकः– त0शि0प्र0 / विविध–17 / 2017–260 दिनांक–05.03.2025 के अनुपालन में राज्य के मान्यता प्राप्त पोलिटेकनिक संस्थानों एवं अन्य के शैक्षणिक वर्ष–2024–25 के डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के द्वितीय वर्ष / तृतीय सेमेस्टर में नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त पर्षद द्वारा दिनांक–08.06.2025 को ऑफलाईन मोड में आयोजित डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2025 का परीक्षाफल परीक्षार्थी पर्षदीय वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Result Column में प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए दिनांक– 04.07.2025 से अद्यःभारित (Download) कर सकते हैं। परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों का Answer OMR Sheet को स्कैन कर वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिया गया है जिसे दिनांक– 04.07.2025 से अद्यःभारित (Download) किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों का उत्तर कुंजी (Answer Key) वेबसाईट पर दिनांक– 16.06.2025 को प्रकाशित करते हुए दिनांक– 19.06.2025 तक आपत्ति आमंत्रित किये गये थे परन्तु किसी भी परीक्षार्थी द्वारा उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर आपत्ति दर्ज नहीं की गई है।

2. तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची के पत्रांक– त0शि0प्र0 / छात्र नामा0–01 / 2023– 764 दिनांक–02.07.2025 के माध्यम से केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), हेहल, राँची के डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम; झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम, राँची के पत्रांक –JUT-46/2024/Reg/664 दिनांक–20.06.2025 के माध्यम से पोलिटेकनिक संस्थानों के विभिन्न शाखाओं तथा उद्योग निदेशालय, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–248 दिनांक–05.05.2025 के माध्यम से झारखण्ड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेन्टर, राँची एवं गवर्नमेंट टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेन्टर, दुमका के डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग शाखा में प्राप्त उपलब्ध स्वीकृत सीटों की वर्गीकृत विवरणी के आलोक में पर्षद द्वारा संबंधित परीक्षाफल के आधार पर नामांकन की अनुशंसा के निमित्त प्रथम साक्षात्कार दिनांक–04.07.2025 से प्रारंभ की जायेगी।

3. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र / पत्रों की मूल–प्रति आवंटित संस्थान में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप, सूचना–विवरणिका / पर्षद के वेबसाईट के"Download"कॉलम में उपलब्ध है।

4. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click Here for All Online Counselling" के अंतर्गत "Online Counselling for Diploma Lateral Admissions-2025" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।

अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का प्राथमिकता के अनुसार विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक–से–अधिक वैसे विकल्पों को हीं भरें जिसमें वे नामांकन कराने के लिए ईच्छुक हों। आवश्यकता होने पर चयनित विकल्प/विकल्पों में संशोधन/परिवर्तन करने के लिए अभ्यर्थी, संशोधन के लिये निर्धारित तिथि को, पुनः Login कर सकते हैं।

6. साक्षात्कार शुल्कः– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gatway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

| Sl. No. | Category of the candidate | Counselling Fee |
|---|---|---|
| a. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| b. | SC/ST/Female candidates of any category | Rs. 250.00 |

7. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अद्यःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि, उपरोक्त कंडिका–6 में वर्णित विधि के हीं अनुसार, जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन करा कर अध्ययन जारी रखते हैं तो पर्षद द्वारा उनसे ली गयी आंशिक नामांकन शुल्क की राशि संबंधित संस्थान को उनके शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा यह राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी। संबंधित परीक्षा के आधार पर नामांकित अभ्यर्थियों को द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम) चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में आंशिक नामांकन शुल्क की राशि देय नहीं होगी।

8. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम एवं/या द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आधार पर नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा एवं/या संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं तो वे क्रमशः द्वितीय एवं/या तृतीय (अंतिम) साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि संबंधित साक्षात्कार/साक्षात्कारों में सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित शाखा एवं/या संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनका पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर किसी दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह– ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

9. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम)चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् हैः–

(A) Time-Schedule for 1st Round of Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Diploma Course

| S. N. | Activity | Date |
|---|---|---|
| a. | Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 04/07/2025 |
| b. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 08/07/2025 |
| c. | Editing in filled-up choice(s) | 09 /07/2025 |
| d. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 11/07/2025 to 16/07/2025 |
| e. | Certificates/Documents Verification & Admission in the concerned Institute | 12/07/2025 to 16/07/2025 |

(B) Time-Schedule for 2nd Round of Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Diploma Course

| S. N. | Activity | Date |
|---|---|---|
| a. | Display of Vacant Seat Matrix | 18/07/2025 |
| b. | Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 18/07/2025 |
| c. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 21/07/2025 |
| d. | Editing in filled-up choice(s) | 22/07/2025 |
| e. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 24/07/2025 to 29/07/2025 |
| f. | Certificates/Documents Verification & Admission in the concerned Institute | 25/07/2025 to 29/07/2025 |

(C) Time-Schedule for 3rd (Last) Round of Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Diploma Course

| S. N. | Activity | Date |
|---|---|---|
| a. | Display of Vacant Seat Matrix | 31/07/2025 |
| b. | Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 31/07/2025 |
| c. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 03/08/2025 |
| d. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 05/08/2025 to 11/08/2025 |
| e. | Certificates/Documents Verification & Admission in the concerned Institute | 06/08/2025 to 11/08/2025 |

10. तृतीय (अंतिम) साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

11. अनुशंसित अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक आवंटित संस्थान में नामांकन नहीं कराने पर उनका औपबंधिक सीट आवंटन पत्र स्वतः रद्द समझा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

**(रंजीता हेम्ब्रम**, झा॰प्र॰से॰**)**

उप परीक्षा नियंत्रक